<u>आकाशवाणी</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक : 04.05.2026 समय : 02.10PM

पश्चिम बंगाल, असम, केरलम, तमिलनाडु और पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी है। **पश्चिम बंगाल** में पिछले 15 साल से सत्तासीन ममता बनर्जी की तृणमूल सरकार का जाना रूझानों तय नजर आ रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने निर्णायक बढत बना ली है और वह 293 सीटों में से 193 सीटों पर आगे है। तृणमूल कांग्रेस 95 सीटों पर आगे चल रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भवानीपुर सीट पर आगे हैं जबकि भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेन्दु अधिकारी नंदीग्राम से आगे हैं।

असम में विधानसभा की सभी **126** सीटों के रूझान मिल रहे हैं। भाजपा का राज्य में लगातार तीसरी बार सरकार बनाना तय है। सत्तारूढ़ **भाजपा गठबंधन** ने निर्णायक बढ़त बना ली है, ज□ 87 सीटों पर आगे है।

कांग्रेस गठबंधन 27 सीटों पर बढत बनाई हुई है। **अन्य** 02 सीट पर आगे चल रहे हैं।

तमिलनाडु में विधानसभा की सभी 234 सीटों के रूझान मिल गए हैं। अभिनेता विजय जा□सेफ की पार्टी **टीवीके** ने सभी क□ चौंकाते हुए 109 सीटों पर बढ़त बना ली है।

ए.आई.ए.डी.एम.के. गठबंधन 64 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। **सत्तारूढ डीएमके**

गठबंधन केवल 61 सीटों पर आगे है।

केरलम में विधानसभा की सभी **140** सीटों के रूझान के अनुसार **कांग्रेस के नेतृत्व वाले यू.डी.एफ. गठबंधन** ने निर्णायक बढ़त बना ली है। यह गठबंधन 86 सीटों पर आगे है। **एल.डी.एफ.** 33 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। **भाजपा गठबंधन** 02 सीटों पर आगे चल रहा है।

पुद्दुचेरी में विधानसभा की 30 में से एनडीए गठबंधन 15 सीट के साथ आगे है। वहीं कांग्रेस गठबंधन 11 सीट जीतता दिख रहा है।

मतगणना प्रतिक्रिया

पश्चिम बंगाल, असम, पुद्दुचेरी, तमिलनाडु और केरलम विधानसभा चुनाव मतगणना के रूझानों और नतीजों से भाजपा उत्साहित है। प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास सांरग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब पश्चिम बंगाल में भी भाजपा की सरकार बन रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल में भी अब विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।

वंदे मातरम

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री कृष्णा गौर और मुख्य सचिव अनुराग जैन की उपस्थिति में मई माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर आज मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्र-गीत "वंदे-मातरम" एवं राष्ट्र-गान "जन-गण-मन" का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर पुलिस बैंड ने मधुर धुनें प्रस्तुत की।

मौसम

अब खबर मौसम की, प्रदेश में इन दिनों मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। पिछले चार दिनों से तेज गर्मी की जगह आंधी और बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार यह बदला हुआ मौसम अभी कुछ और दिन बने रहने वाला है। विभाग ने आज प्रदेश के 34 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है, जबकि 6 जिलों में ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर और रीवा में आज ओले गिर सकते हैं। इसके अलावा भोपाल, रायसेन, सीहोर, आगर-मालवा, राजगढ़, विदिशा, नर्मदापुरम, बैतूल, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, मुरैना, श्योपुर, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, पांढुर्णा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना और दमोह में तेज आंधी और बारिश की चेतावनी दी गई है।

संक्षिप्त समाचार

- बैतूल जिले के बर्राढाना में हुई आगजनी की घटना के बाद कल केंद्रीय राज्यमंत्री एवं स्थानीय सांसद दुर्गादास उईके ने घटनास्थल पर पहुंचकर प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया।
- राज्य महिला आयोग की नव नियुक्त अध्यक्ष रेखा यादव ने आज भोपाल स्थित मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग के दफ़्तर पहुंचकर पदभार ग्रहण किया।
- खंडवा शासकीय आई.टी.आई में 7 मई रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेला आयोजित किया जाएगा। जिसमे प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एव गैर तकनीकी क्षेत्र में लगभग 250 बेरोजगार युवक युवतियों की निजी क्षेत्र में भर्ती की जावेगी।

- शिवपुरी जिले में जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण कार्य में लापरवाही पर प्रशासन ने प्रगणकों की अनुपस्थिति को गंभीर मानते हुए जनगणना अधिनियम के तहत दंड की चेतावनी दी गई है।
- आगरमालवा जिले के सुसनेर में कल यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले बाईक चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए जनसहयोग से 50 हेलमेट वितरित किये गए।